# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 217/प्रवेश /MSU/2025–26 दिनांक : 25.07.2025

## प्रेस–विज्ञप्ति

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में विभिन्न स्नातक पाठयक्रमों में सत्र 2025–26 में अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय वैबसाईट पर दिनांक 09.05.2025 से 17.07.2025 तक आनलाईन पंजीकरण कराये गये। पंजीकृत अभ्यर्थियों की विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार आरक्षण नियमों का पालन करते हुए, संलग्न समय–सारणी (प्रवेश कार्यक्रम) अनुसार की जानी है। सभी महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षा है कि निर्धारित समय–सारणी/प्रवेश कार्यक्रम का अनुपालन कर प्रवेश करना सुनिश्चित करें।

**अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश**

1. जिस अभ्यर्थी का नाम निर्धारित तिथि को महाविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में होगा, उस अभ्यर्थी को ही निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
2. मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के मैसेज प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वैबसाइट https://msuweb.in/ पर जाकर अपनी लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड की सहायता से ऑफर लैटर डाउनलोड करेगें।
3. आफर लैटर, रजिस्ट्रेशन फार्म एवं सभी शैक्षिक एवं अन्य आरक्षण इत्यादि सम्बन्धी अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति, मूल अभिलेख, फोटो इत्यादि लेकर सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करेंगें।
4. यह स्मरण कराना समीचीन है कि अभ्यर्थी को प्रवेश न लेने की स्थिति में सीट रिक्त रहने की स्थिति में ही ओपन मेरिट में प्रवेश का अवसर मिल सकता है।
5. किसी भी मेरिट लिस्ट की समय सीमा समाप्त होने पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।
6. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना यदि गलत पायी जाती है तो उसी समय अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
7. अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर (EWS), विकलांग, स्वतन्त्रता सेनानी, पूर्व सैनिक वार्ड इत्यादि सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय न होने की स्थिति में आरक्षण सम्बन्धी कोई लाभ नहीं दिया जायेगा।
8. प्रवेश लेने के समय सभी मूल शैक्षिक एवं अन्य अभिलेख अभ्यर्थी अपने साथ रखें। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
9. प्रवेश के समय अभ्यर्थी अपने प्रवेश से सम्बन्धित दस्तावेज की प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रति अपने साथ लायें।
10. प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद, भ्रम या अनिश्चितता की स्थिति में निर्णय लेने का अधिकार संबंधित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या का होगा।

प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
05. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. गार्ड फाईल।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुंवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

स्नातक कक्षाओं हेतु शैक्षणिक सत्र (2025–26)

## प्रवेश कार्यक्रम

| क्रम | विवरण | दिनांक | वरीयता सूची 1 | प्रथम प्रतीक्षा सूची 2 | द्वितीय प्रतीक्षा सूची 3 | प्रथम ओपन सूची 4 | द्वितीय ओपन सूची 5 | अन्तिम ओपन सूची 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समर्थ पोर्टल पर छात्रो हेतु पजीकरण आरम्भ होने की तिथि | 09 05 2025 | | | | अप्रवेशित पजीकृत अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल से ओपन मेरिट हेतु आवेदन–पत्र डाउनलोड करने की तिथि – 09 से 11 अगस्त, 2025, दोपहर 02 बजे तक | रिक्त सीटो के सापेक्ष समर्थ पोर्टल पर पजीकरण आरम्भ होने की तिथि 14 08 2025 | दिनाक 21 08 2025 से 30 08 2025 की समयावधि मे विश्वविद्यालय के पूर्व पजीकृत अभ्यर्थियों एव अतिरिक्त नवीन पजीकृत अभ्यर्थी सीटो की उपलब्धता की स्थिति मे किसी भी महाविद्यालय मे प्रवेश ले सकेगे। |
| 2 | समर्थ पोर्टल पर छात्रो हेतु पजीकरण की अन्तिम तिथि | 17 07 2025 | | | | | | |
| 3 | महाविद्यालयो मे छात्रो हेतु पजीकरण की अन्तिम तिथि | 18 07.2025 | | | | छात्रों द्वारा रिक्त सीटो के सापेक्ष महाविद्यालय मे आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनाक 11.08.2025, दोपहर 03 बजे | समर्थ पोर्टल एव महाविद्यालयो मे पजीकरण की अन्तिम तिथि 17.08 2025 | |
| 4 | विश्वविद्यालय पोर्टल पर महाविद्यालयो को मास्टर लिस्ट (डाटा) उपलब्ध कराने की तिथि | 25 07.2025 | | | | | दिनाक 18 08 2025, दोपहर 02 बजे | |
| 5 | महाविद्यालयो द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर वरीयता सूची अपलोड कराने व छात्रो हेतु जारी करने की तिथि एव समय | | 26.07.2025 | 01.08.2025 (अपराह्न 02 बजे) | 06.08.2025 (अपराह्न 02 बजे) | 11.08.2025, साय 05 बजे तक | दिनाक 18.08 2025 साय 05 बजे तक | |
| 6 | विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर लैटर जारी करने की तिथि | | 26.07.2025 | 01.08 2025 (सांय 05 बजे) | 06.08.2025 (सांय 05 बजे) | दिनाक 12.08.2025 | दिनाक 19.08 2025 साय 05 बजे तक | |
| 7 | महाविद्यालयो द्वारा छात्रो को प्रवेश प्रदान करने की तिथि | | 28.07.2024 से 31.07.2024 | 02 से 05 08 2025 | 07 एव 08 अगस्त, 2025 | दिनाक 12–13 अगस्त, 2025 | दिनाक 19–20 अगस्त, 2025 | |
| 8 | महाविद्यालयो द्वारा विश्वविद्यालय एव समर्थ पोर्टल पर प्रवेश सम्पुष्ट करने की अन्तिम तिथि | | 31.07.2024 | 05.08 2025 | 08.08 2025 | दिनाक 13 अगस्त, 2025 | दिनाक 20.08 2025 | |

नोटः– 1 वरीयता सूची मे सम्मिलित प्रवेशार्थी प्रवेश हेतु निर्धारित दिनांक को सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्यतः प्रातः 10.00 बजे उपस्थित **(Reporting Time)** होना सुनिश्चित करे।

2. प्रस्तुत प्रवेश कार्यक्रम का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करे। विस्तृत व अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

(प्रवेश समन्वयक)